उदासीनता | पोकलेन मशीनें, भारी डंपर और क्रेशर मशीनें दिन-रात चल रही हैं, जिम्मेदार अधिकारी मौन

# जीआरटीसी प्लांट में खुलेआम हो रहा अवैध उत्खनन

**डिंडौरी, नवभारत 26 सितंबर।** राज्य सरकार अवैध उत्खनन पर लगाम कसने के लिए योजनाओं पर योजनाएं बनाती रही है। मुख्यमंत्री ने भी कलेक्टरों को कड़े निर्देश दे रखे हैं कि जिले की सीमा में किसी भी कीमत पर अवैध उत्खनन न हो, लेकिन आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले की हकीकत इन आदेशों की पोल खोल रही है।

बजाग तहसील के ग्राम पंचायत सुनपुरी के ग्रामीण शिवरी से लगे डिंडौरी-अमरकंटक हाईवे पर गौर रोड तारकोल लिमिटेड कंपनी द्वारा लगाया गया प्लांट सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ाने का गवाह बना हुआ है। नजदीक ही पिछले तीन महीनों से बारूद के धमाके कर अवैध पत्थर उत्खनन किया जा रहा है। मौके पर पोकलेन मशीनें, भारी डंपर और क्रेशर मशीनें दिन-रात




चल रही हैं। धूल का गुबार आसमान तक उठ रहा है और शासन-प्रशासन को खुली चुनौती दी जा रही है।

### सूचना पटल से छेड़छाड़ के मायने क्या?

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि खनन पट्टे की स्वीकृति अवधि 18 सितम्बर को ही समाप्त हो चुकी है, बावजूद इसके मशीनें बेरोकटोक चल रही हैं। ग्रामीणों ने सूचना पटल की एक तस्वीर साझा की गई, जिसमें स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि पट्टा तो 2 जून 2025 को ही समाप्त हो गया था। इसके बावजूद सूचना पटल से छेड़छाड़ कर झूठी जानकारी चस्पा की गई है। सवाल यह है कि जब स्वीकृति ही समाप्त हो चुकी है तो यह उत्खनन किस अधिकार से किया जा रहा है? और सूचना बोर्ड से छेड़छाड़ आखिर किसकी शह पर की गई? इसकी जांच नितांत आवश्यक है।

### जवाबदारी से भाग रहे जिम्मेदार

निज विभाग से संपर्क करने पर अधिकारी ने कैमरे के सामने बयान देने से साफ इनकार किया, बस इतना स्वीकारा कि कंपनी ने 2 जुलाई 2025 को आवेदन किया था। मीडिया का सामना करने से भी जिले के जिम्मेदार अफसर कतराते दिखे। अपर कलेक्टर जेपी यादव दो दिनों से लगातार बेहद व्यस्त बताकर मिलने से बचते रहे। जब पत्रकारों ने कार्यालय में पहुंचकर सवाल रखे तो अपर कलेक्टर ने बयान देने से इंकार करते हुए कोरा कागज पकड़ाया और जांच का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। आखिर यह मौन और टालमटोल किसकी रक्षा कर रहा है?

### कहां से आ रहा बारूद

हैरत तो इस बात की भी है कि डिंडौरी जिला नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में शुमार है, जहां फिलहाल शासन-प्रशासन से खदान की कोई स्वीकृति नहीं दी है तो खदान में विस्फोटक का प्रयोग क्यों और कैसे हो रहा है? आखिर कहां से आ रहा इतना बारूद? पड़ताल तो इसकी भी की जानी चाहिये कि कौन है जो नक्सल प्रभावित जिले में इन्हें विस्फोटक दे रहा है।

**इनका कहना है**

आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है, जिसकी जांच उपरान्त ही कुछ कह पाऊंगा।

**रामबाबू देवांगन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, बजाग**

# मां दुर्गा की सजाई गई सजीव झांकी

▶ शिवशक्ति चौक करौंदी में देवी जन्मोत्सव धूमधाम से आयोजित

**शहपुरा नवभारत 26 सितंबर।** शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत शिवशक्ति चौक करौंदी में चल रही श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के अंतर्गत शारदीय नवरात्र के चौथे दिन देवी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया।

कथा वाचन के दौरान पं. शुकदेव द्विवेदी शास्त्री ने भक्तों को देवी जन्मोत्सव प्रसंग का महत्व बताया और मां दुर्गा की महिमा का विस्तृत वर्णन किया। कार्यक्रम में करौंदी एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर मां दुर्गा की सजीव झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। झांकी में मां भगवती की अलौकिक झलक देखकर भक्त भावविभोर हो उठे और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। महिलाओं और बच्चों ने जमकर नृत्य किया।



### सामूहिक आरती की गई

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लेकर मां दुर्गा से परिवार एवं समाज के कल्याण की मंगलकामनाएं कीं। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण छाया रहा और नवरात्रि की पावन ऊर्जा हर ओर महसूस की गई।इस प्रकार करौंदी में चल रहा नवरात्र महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम बनकर लोगों को धर्म और संस्कृति से जोड़ रहा है।

## एक नजर में



### नमो वन पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत।** सेवा पर्व कार्यक्रम अंतर्गत वन मंडल डिंडोरी सामान्य के वन परिक्षेत्र शाहपुर (कक्ष क्र. ह-1350 मिघरोड़ी) में 25 सितम्बर 2025 को नमो वन पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक चल रहे सेवा पर्व का हिस्सा है। इस अवसर पर शाहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, मनोहर ठाकुर, सुशील राय, जनपद सदस्य कीर्ति गुप्ता एवं राकेश परस्ते, एडवोकेट रेवा पाण्डेय, राजकुमार साहू, गणेश चौबे सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे। वन विभाग की ओर से उपवनमंडल अधिकारी डिंडोरी सुरेंद्र सिंह जाटव, उपवनमंडल अधिकारी शहपुरा सुनील कुमार अशोक तथा परिक्षेत्र शाहपुर का समस्त स्टाफ कार्यक्रम में शामिल हुआ।

### विकेश कुमार ने किया रक्तदान

**शहपुरा नवभारत 26 सितंबर।** देवदूत रक्तदान के संस्थापक को जैसे ही खबर मिली कि एक महिला गंभीर स्थिति में युवा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है और उसे रक्त की आवश्यकता है। कैलाश सोनी ने आनन फानन में नगर परिषद शहपुरा के सीएमओ विकेश कुमार कुमरे को कॉल किया। सीएमओ ने बिना देर किए अस्पताल पहुंचकर पहले रक्तदान किया फिर महिला मरीज का हाल चाल जाना। युवा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की टीम ने भी सीएमओ के इस कार्य की सराहना की और स्मृति चिन्ह के रूप में नवरात्र के पर्व को ध्यान रखते हुए मां काली की प्रतिमा भेंट की।



### हनुमान मंदिर की चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**चिल्हारी नवभारत 26 सितंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में विगत 5 सितंबर की दरम्यानी रात हनुमान स्वामी का मुकुट, छत्र और हार, जो कि चांदी का था, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। इसकी जानकारी पुलिस चौकी अमरपुर में मन्दिर के पुजारी रमाकांत तिवारी द्वारा लिखित रूप में दी गई, किन्तु बीस दिन गुजरने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। काफ़ी प्रयास के बाद भी चोर का पता नहीं चला यह चिंता का बिषय है। इसे लेकर ग्रामीणों में तरह तरह-की चर्चा की जा रही है।





### सिद्ध धाम में चंडी पाठ का आयोजन

**चिल्हारी नवभारत 26 सितंबर।** सिहोरा के पास लोढ़ा सिद्ध पहाड़ के नाम से जाना जाता है। यह स्थान अपने आपमे सिद्ध स्थल है दैवीय कृपा से युक्त है। यह बाल संत गुरुदेव भगवान की साधना स्थली है। लोढ़ा धाम वह भूमि है जहां देव बसते हैं। हरिहर कृपा से युक्त यह धाम प्रकति की खूबसूरती से सराबोर है। यहां महाराज का आश्रम बना है। यहां बीते कई वर्षों से अखंड रूप से यज्ञ अनुष्ठान व भागवत कथा का ओजस्वी कार्य चल रहा है। लोढ़ा धाम में गुरुकुल का श्रीगणेश हुआ है, जहां बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है। महाराज के सानिध्य में कथा व्यास सीताराम सरण जू महाराज के मार्गदर्शन में धाम में हवनात्मक चंडी पाठ चल रहा है। चंडी पाठ करने से भय और पापों का नाश होता है, शारीरिक और मानसिक बाधाओं से मुक्ति मिलती है और आरोग्य,सौभाग्य व समृद्धि प्राप्त होती है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है, शत्रुओं पर विजय दिलाता है, और जीवन में आंतरिक शक्ति व आत्मविश्वास बढ़ाता है।

# छात्रावास अधीक्षिका पर छात्रा को धमकाने का आरोप



▶ परिजनों ने कहा- धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई, शहपुरा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**शहपुरा नवभारत 26 सितंबर।** विकासखंड शहपुरा अंतर्गत एकलव्य महाविद्यालय ग्राम पिपडारी में अधीक्षिका संगीता ढुल्ल द्वारा छात्रावास में रहने वाली छात्रा को जाति सूचक गाली देकर मारपीट करने एवं मां दुर्गा की मूर्ति को तोड़कर फेंकने एवं झूठा पानी फेंकने एवं गर्म चमिटा मुंह में डालने की धमकी देने का आरोप छात्रा के परिजनों में लगाया है

विकासखंड शहपुरा के ग्राम पिपराडी स्थित एकलव्य आवासीय छात्रावास में पढ़ने वाली छात्रा एवं उनके परिजनों ने शुक्रवार को थाना शहपुरा आकर शिकायत दर्ज कराई कि 23 सितंबर को रात्रि 8 बजे मेरी बच्ची पूनमुरैती के साथ अधीक्षिका द्वारा मारपीट की गई और झूठा पानी बच्ची के ऊपर फेंका गया। परिजनों ने बताया कि मेरी बच्ची माता रानी का व्रत रखती है। मेरी पुत्री को बचपन से ही माता की सवारी भाव आता है, इस कारण मेरी पुत्री द्वारा माता रानी की एक छोटी सी प्रतिमा बनाकर रखी थी।

परिजनों ने बताया कि इस दौरान बच्ची को माता रानी के भाव आ गए, तब अधीक्षिका संगीता ढुल्ल कहने लगी कि इसे भूत लगा है मैं अभी इसका भूत उतारती हूं। ऐसा कहते हुए मेरी बच्ची के ऊपर झूठा पानी फेंका और उसकी बुरी तरह से पिटाई की और गर्म चमिटा अभी इसके मुंह में डालती हूं ऐसा कहते हुए हॉस्टल में दौड़ा-दौड़ा कर बच्ची की पिटाई की। जो मिट्टी की मूर्ति मेरी बच्ची द्वारा बनाई गई थी उसे पूनम ढुल्ल द्वारा वहां पर रखे पानी से भरी बाल्टी में डाल दी गई, जिससे वह मूर्ति नष्ट हो गई।

**इनका कहना है**

बच्चों द्वारा भी शिकायत की गई है कि अधीक्षिका द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है एवं धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने की शिकायत की जानकारी भी प्राप्त हुई है। अभी अधीक्षिका को यहां से पृथक कर किसी दूसरी अधीक्षिका को यहां पर नियुक्त किया जाएगा। आगे की कार्रवाई हेतु मेरे द्वारा प्रस्तावित किया जा रहा है।

**राजेंद्र कुमार जाटव, सहायक आयुक्त डिंडोरी**

मुझे बच्चों द्वारा अधीक्षिका के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**प्राचार्य, एकलव्य विद्यालय**

परिजनों द्वारा लिखित शिकायत थाने में दी गई। बच्चों द्वारा भी अधीक्षिका के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**अनुराग जामदार, थाना प्रभारी शहपुरा**



# भक्त विक्रम दंडवत करते मैहर धाम रवाना

**चिल्हारी नवभारत 26 सितंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के समीपी ग्राम पड़वार निवासी माता रानी का भक्त विक्रम बर्मन शुक्रवार को सुबह 6 बजे सैकड़ों भक्तों के साथ दंडवत यात्रा करते हुए पावन धाम मैहर मां शारदा की नगरी रवाना हुआ।

भक्त के पिता भूखन प्रसाद बर्मन जो कि काली माता का स्वरुप धारण कर काली नृत्य के लिए जाने जाते हैं, वहीं गांव के माता रानी के भक्त अमित कुमार श्रीवास्तव को पता चला कि माता रानी का भक्त विक्रम बर्मन गाजे बाजे के साथ दंडवत यात्रा करते हुए मैहर जा रहा हैं तो उनसे रहा नहीं गया और बस स्टैंड अमरपुर में ढोल, नगाड़े एवं सैकड़ों भक्तों के साथ उस घड़ी का इंतजार करने लग गए। जैसे ही माता रानी के भक्त का जत्था अमरपुर बस स्टैंड में पहुंचा वहां विराजी मां दुर्गा के सामने माथा टेक कर आशीर्वाद लिया एवं उपस्थित अमित कुमार श्रीवास्तव, यशवंत सिंह सेंगर द्वारा माता रानी की चुनरी एवं श्रीफल भेंट कर जत्थे को आगे रवाना कराया गया। इस दौरान रजनीश हलवाई, उमेश गुप्ता सचिन सिंह बघेल संजू कैचर धीरज सिंह परिहार केदार नापित रमाकांत गौतम राकेश बर्मन विनय मिश्रा गंगा बर्मन प्रकाश रजक अनिल बर्मन मिट्ठू बर्मन बल करण जायसवाल रवि गुप्ता एवं सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।



# पं. दीनदयाल अद्भुत प्रतिभा के धनी थे : पाण्डे

▶ सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत उमरिया 26 सितंबर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामाजिक समरसता के संवाहक और अंत्योदय सिद्धांत व एकात्म मानववाद के प्रणेता रहे। दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी समाज में जीवंत है।

उक्त उदगार भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के निर्माण से ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण होता है, साथ ही समाज में व्याप्त समस्याओं का समाधान समाज में ही रहता है। हम अपने देश की सांस्कृतिक परंपराओं रीति रिवाज के आधार पर अपनी सामाजिक समस्याओं को निपटा सकते हैं। स्वदेशी को अपनाकर अपने देश की अर्थव्यवस्था को उच्च शिखर पर ले जा सकते हैं।

### सरकार की योजनाओं से होगा गरीबों का कल्याण

सरकार की योजनाओं का निर्धारण गरीब कल्याण और अंत्योदय के सिद्धांत को केंद्रित कर किया जाता है। आज केंद्र और प्रदेश की सारी योजनाएं गरीब कल्याण को समर्पित जनहितैषी है। श्री पांडे ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बाल्य काल से ही संघर्ष करते हुए अद्भुत प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। जीवन की पारिवारिक समस्याओं का निर्वहन करते हुए संघ के संपर्क में आकर आप संघ के प्रचारक बने।

### विविध कार्यक्रमों की दी जानकारी


जिला अध्यक्ष अमित चपरा ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया साथ ही संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। विधायक मनीषा सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को दीनदयाल के जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों से जुड़ने की बात कही, वहीं सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विविध कार्यक्रमों के विषय में सरकार और संगठन की भूमिका को कार्यकर्ताओं के मध्य रखा।

# 60 पथ विक्रेताओं का किया गया पंजीयन

▶ पथ विक्रेताओं के लिए लोक कल्याण शिविर का आयोजन

**डिंडौरी,नवभारत 26 सितंबर।** शासन द्वारा संचालित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को नगर परिषद प्रांगण में पथ विक्रेताओं के लिए डिजिटल लेन-देन, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता प्रशिक्षण एवं पुनर्गठित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पर आधारित लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशानुसार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एफएस एसएआई (फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) की टीम ने पथ विक्रेताओं को खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण एवं प्रदाय के संबंध में जानकारी दी। टीम ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ एवं सुरक्षित भोजन उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ विक्रेताओं की विश्वसनीयता और व्यवसाय की सफलता के लिए भी महत्वपूर्ण है।



### बैकों की टीमों ने डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया बताई

शिविर में विभिन्न बैंकों की टीमों ने पथ विक्रेताओं को डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया, उसके लाभ एवं सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। बैंक अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल लेन-देन से व्यापार में पारदर्शिता आती है, नकद लेन-देन की जटिलताएं कम होती हैं तथा सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ विक्रेताओं तक पहुंचता है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अशोक सारस ने कहा कि नगर की स्वच्छता एवं नागरिकों के स्वास्थ्य में पथ विक्रेताओं की अहम भूमिका है। यदि सभी विक्रेता खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पालन करेंगे तो डिंडौरी नगर को स्वच्छ और स्वस्थ नगर बनाने में बड़ी सहायता मिलेगी।

### स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना आवश्यक

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री विक्रेताओं की आय और प्रतिष्ठा दोनों को बढ़ाती है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम पथ विक्रेताओं को संगठित कर उनके व्यवसाय को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। शिविर के दौरान 60 पथ विक्रेताओं का पंजीयन एवं लोन हेतु आवेदन की कार्यवाही की गई।

### कलेक्टर ने औचक निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**डिंडौरी, नवभारत।** कलेक्टर नेहा मारव्या ने शुक्रवार को विकासखंड मेंहदवानी अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं एवं स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, छात्रावास, आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण की शुरुआत शासकीय सीनियर बालक छात्रावास, राई से हुई। इसके पश्चात प्राथमिक शाला ददरा टोला मे विद्यार्थियों की उपस्थिति, मिड डे मील की गुणवत्ता, शिक्षकों की मौजूदगी और स्वच्छता का परीक्षण किया गया। माध्यमिक शाला पायली में कलेक्टर ने पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेलकूद सुविधाओं और पेयजल व शौचालय जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एकलव्य आदर्श मेहंदवानी में शैक्षणिक गुणवत्ता, हॉस्टल, खेलकूद एवं पोषण आहार की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव, डीपीसी रावेंद्र मिश्रा, सीईओ जनपद पंचायत मेंहदवानी प्रमोद कुमार ओझा सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# पांच दुकानों से चार किलो पॉलीथिन किया जब्त

▶ नगर मे सतत जारी है प्लास्टिक मुक्त अभियान

**डिंडोरी, नवभारत 26 सितंबर।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्लास्टिक मुक्त डिंडौरी बनाये जाने के संकल्प अभियान के अंतर्गत कलेक्टर के प्रदाय निर्देशों के क्रम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में नगर परिषद डिण्डौरी द्वारा 26 सितम्बर को प्लास्टिक मुक्त विशेष अभियान चलाकर पॉलीथिन के उपयोग एवं विक्रय करने पर कड़ी कार्रवाई की गई है।

इस दौरान 5 दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनके पास से 4 किलो 300 ग्राम पॉलीथिन जब्त कर 1400 रुपये जुर्माना, मंडला बस स्टैंड पुरानी डिंडौरी के दुकानदारों से वसूला गया। नगर परिषद टीम द्वारा लगातार बाजार क्षेत्र एवं वार्डों में निरीक्षण करते हुए दुकानदारों और रहवासियों को पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। टीम ने यह भी स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण और मां नर्मदा प्रदुषण मुक्त तथा स्वच्छ बनाए रखने के लिए पॉलीथिन पर रोक अत्यंत आवश्यक है।

**नागरिक कपड़े के थैलों का करें उपयोग**-मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाकर 2 अक्तूबर तक डिण्डौरी शहर को पूर्णतः पॉलीथिन मुक्त बनाये जाने का संकल्प है, जिसमें नगरवासी शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाये जाने में निकाय का सहयोग करें, साथ ही पॉलीथिन का उपयोग बंद कर पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों जैसे कपड़े, जूट एवं पेपर बैग का प्रयोग करें।

# पराली प्रबंधन की जानकारी किसानों को दी जाए

▶ भारतीय किसान संघ और कृषि विभाग की बैठक आयोजित

**डिंडोरी नवभारत 26 सितंबर।** भारतीय किसान संघ एवं कृषि विभाग के साथ विकसित संकल्प भारत यात्रा को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से सभी पंचायत को कवर करने की बात कही गई है।

बैठक में किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए संघ ने अपना विषय रखा है, जिसमें पराली प्रबंधन के अंतर्गत किसानों को विभाग द्वारा सस्ता और सुलभ उपाय बताया जाए, क्योंकि जिले में छोटे एवं सीमांत किसान है, जो आधुनिक उपकरणो का उपयोग नहीं कर सकते। पराली प्रबंधन के अंतर्गत जिले में धान का वितरण किया गया है, लेकिन विभाग द्वारा उपकरणों का प्रयोग कर किसानों को नहीं बताया गया है कि पराली प्रबंधन कैसे करना है और किन उपकरणों का उपयोग करना है।



**धान उपार्जन प्रति हेक्टेयर 40 क्विंटल किया जाए**-जिले में सोयाबीन का वितरण विभाग द्वारा किया गया है, लेकिन किसानों के खेत में सोयाबीन की फसल नहीं है। आखिर किन किसानों को सोयाबीन बीज का वितरण किया गया उनकी सूची उपलब्ध कराई जावे। कृषि विभाग द्वारा कृषक प्रशिक्षण एवं खेत पाठशाला, किसान पाठशाला, एवं कृषक भ्रमण कब-कब कराई जाती है की जानकारी दी जाती। अगर यह गतिविधियां की जाती है तो उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। जिले में धान उपार्जन प्रति हेक्टेयर 22 क्विंटल खरीदी की जाती है उसे बढ़ाकर 40 क्विंटल किया जाए। बैठक में जिलाध्यक्ष बिहारी लाल साहू जिलामंत्री एड. निर्मल साहू, जिला मीडिया प्रभारी आशाराम नामदेव, जिला सदस्य खूबचंद साहू, तहसील अध्यक्ष शहपुरा प्रमोद मौर्या,उपाध्यक्ष जगदीश साहू,एड.विनय झारिया, तहसील अध्यक्ष डिंडोरी खमोद चन्देल तहसील अध्यक्ष बजाग आशाराम यादव,कालिका प्रसाद, नंदकिशोर, संत कुमार,अरविंद कुमार,कृष्णा झारिया, मंती धूमकेती, कृषि विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।